# भारत 2047 तक विश्व गुरु बन जाएगा : धनखड़

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीमा सुरक्षा बल के 20 वें अलंकरण समारोह को संबोधित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत अभूतपूर्व विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है और 2047 तक यह 'विश्व गुरु' बन जाएगा। भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा।

धनखड़ ने जोर देकर कहा कि देश की आर्थिक प्रगति और उसकी सुरक्षा आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जैसे बल भारत के 'समग्र विकास' के संरक्षक हैं। उपराष्ट्रपति यहां बीएसएफ के वार्षिक 'रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान' को संबोधित कर रहे थे।

यह व्याख्यान बीएसएफ के पहले प्रमुख के.एफ. रुस्तमजी की याद में आयोजित किया जाता है, जो 1965-74 के दौरान 2.65 लाख की क्षमता वाले बल के महानिदेशक थे।

वर्ष 1965 में गठित बीएसएफ पर पाकिस्तान और बांग्लादेश से सटी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।



धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा देश की प्रगतिशील समृद्धि की 'आधारशिला' है और जो विकास पहले होना चाहिए था, वह अब हो रहा है। उन्होंने कहा, आप देखिए हमारे पास किस तरह का सड़क ढांचा है, किस तरह की तकनीकी भागीदारी हो रही है, किस तरह के हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं और किस तरह की सुविधाएं मानव संसाधन के लिए बनाई जा रही हैं... यह कोई बाध्यता नहीं, हमारा कर्तव्य है (बीएसएफ जैसे सुरक्षा बलों के लिए)। धनखड़ ने कहा कि वह इस बात से 'संतुष्ट' हैं कि इन मुद्दों पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत 'अभूतपूर्व प्रगति' की तरह बढ़ रहा है और यह सतत वृद्धि उच्च-स्तर पर जाएगी और 2047 तक भारत 'विश्व गुरु' होगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा, लगभग एक दशक पहले हम 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे, हालांकि, सितंबर 2022 में हम ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए और इस दशक के अंत तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश ने डिजिटल अर्थव्यवस्था के तौर पर भी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है और वर्ष 2022 में भारत का डिजिटल लेन-देन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तुलना में चार गुना अधिक रहा था। धनखड़ ने कहा, यह सब इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और हमारी सुरक्षित सीमा इस प्रगति में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक हैं। धनखड़ ने के एफ रुस्तम जी को करिश्माई व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उन्होंने न केवल बीएसएफ की स्थापना की बल्कि भारत की न्यायिक प्रणाली में जनहित याचिका यानी पीआईएल की मजबूत नींव भी रखी।

# मोदी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में होंगे विशिष्ट अतिथि

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस वर्ष फ्रांस के पेरिस में 14 जुलाई को बास्टिल-दिवस परेड के विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी नयी दिल्ली में फ्रांसीसी दूतावास ने बुधवार को ट्विटर पर दी।

मोदी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस की परेड में शामिल होने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। इससे पहले फ्रांस सरकार ने 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। यह फ्रांस में लोकक्रांति व्यवस्था के लिए 18वीं शताब्दी में हुए विप्लव की एक प्रमुख घटना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ईसवी वर्ष 1789 में 14 जुलाई के दिन आंदोलनकारियों ने बास्टिल सैन्य दुर्ग और कारावास पर धावा बोलकर कई बंदियों को छुड़ा लिया था। इस घटना से फ्रांसीसी क्रांति को गति मिली।

नयी दिल्ली में फ्रांस के दूतावास ने लिखा है, 14 जुलाई फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस है। यह फ्रांस की क्रांति से जुड़ा है। इस अवसर पर फ्रांसीसी लोग स्वाधीनता, समानता और बंधुत्व" के मूल्यों का उत्सव मनाते हैं क्योंकि ये मूल्य उन्हें एकजुट करते हैं। ये मूल्य भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी निहित हैं। इस अवसर पर पेरिस में भव्य सैन्य परेड आयोजित की जाती है।

## एक नजर

### सिंधिया और भाजपा सांसद के.पी. यादव फिर आमने-सामने

**भोपाल,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और गुना से भाजपा सांसद के.पी. यादव मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर खुलकर आमने-सामने आ गए हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में गुना से सिंधिया को हराने वाले यादव ने ग्वालियर-शिवपुरी जिले में सिंधिया समर्थकों द्वारा आयोजित बैठकों में उन्हें आमंत्रित नहीं करने पर निराशा जताई है। शिवपुरी जिले में यादव समुदाय की एक बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज के.पी. यादव ने कहा, मुझे अपने ही समुदाय की बैठक में नहीं बुलाया गया था। पहली बार मुझे आमंत्रित नहीं किया गया या बैठक के बारे में सूचित नहीं किया गया।

उन्होंने बुधवार को भोपाल में मीडिया से कहा, यह मेरे खिलाफ साजिश लगती है, इसलिए मुझे बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। यादव की यह टिप्पणी सिंधिया द्वारा 22 मई को शिवपुरी जिले में स्थानीय लोगों (ग्वालियर, शिवपुरी) की एक सभा को संबोधित करने के दो दिन बाद आई है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि सिंधिया ने अलग-अलग समुदायों की दो सभाओं- केवट, माझी, यादव, वैश्य और कुछ अन्य को संबोधित किया। 22 मई को शिवपुरी में वस्या समुदाय की एक सभा को संबोधित करते हुए सिंधिया ने हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगी और कहा, पूर्व में जो भी गलतियां हुई हैं, उनके लिए मैं माफी मांगता हूं। कृपया मुझे क्षमा करें।

### जम्मू के कई इलाकों में भारी बारिश

**जम्मू, भाषा।** जम्मू के विभिन्न इलाकों में बुधवार को भारी बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामबन जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कुछ देर के लिए बंद हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को किश्तवाड़, डोडा, रामबन, उधमपुर, राजौरी और रियासी जिलों के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश हुई तथा उधमपुर के चेड्डी इलाके में ओलावृष्टि हुई जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण राजौरी और रामबन के पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर अचानक से बाढ़ आ गई। अधिकारी के मुताबिक, जम्मू शहर में दोपहर बाद भारी बारिश से तापमान में गिरावट आई।

# पुलिस का भगवाकरण नहीं होने देंगे: शिवकुमार

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पुलिस विभाग के कथित भगवाकरण के खिलाफ कांग्रेस सरकार के रुख पर जोर देते हुए बुधवार को शीर्ष पुलिस अधिकारियों को राजनीतिक संगठनों से संबंधित पोशाक पहनने की चेतावनी दी। शिवकुमार ने कहा, हम किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे। मंगलुरु, विजयपुरा और बागलकोट में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

जहां पुलिसकर्मियों ने भगवा पोशाक पहन रखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कपड़े पहनकर खुद की फोटो खींचना भी असंवैधानिक है और सरकार इसकी अनुमति नहीं देगी। शिवकुमार ने 23 मई को कर्नाटक के पुलिस अधिकारियों की



भर्त्सना की और उनसे सवाल किया कि वे राज्य पुलिस विभाग का भगवाकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, क्या आप पुलिस विभाग का भगवाकरण करने के लिए तैयार हैं? हम इसे अपनी सरकार के तहत अनुमति नहीं देंगे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 23 मई को यह भी कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार राज्य में नैतिक पुलिसिंग को खत्म कर देगी। सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, " कोई नैतिक पुलिसिंग नहीं होगी। हम इसे खत्म कर देंगे। उन्होंने यह बयान विधान सौधा में शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दिया।

सिद्धारमैया ने कहा कि पुलिस को निर्देशित किया गया है कि

■ शिवकुमार ने कहा, हम किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे।

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते समय और सभी को समान सुरक्षा प्रदान करते समय उनके धर्म पर विचार न किया जाए। सरकार न केवल पुलिस निरीक्षक, बल्कि पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के खिलाफ भी उनके अधिकार क्षेत्र में होने वाले अपराधों के लिए कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा,अगर किसी थाने की सीमा में कोई अपराध होता है, तो न केवल पुलिस निरीक्षक, बल्कि डीसीपी को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## मंत्रियों को विभाग जल्द सौंपे जाएंगे: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि उनके मंत्रियों को विभाग जल्द ही सौंपे जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे जाने का मुद्दा उठाया था। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में देरी के संबंध में प्रश्न किया था जिसपर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री को सदन में आश्वासन दिया कि यह काम जल्द ही होगा। सिद्धरमैया और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार को 20 मई को क्रमशः मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनके साथ ही आठ विधायकों को मंत्री पद दिया गया है।

# बीजद नए संसद भवन के उद्घाटन में भाग लेगा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल (बीजद) ने राजधानी में नवनिर्मित नए संसद भवन के उद्घाटन के "ऐतिहासिक अवसर" पर आयोजित का कार्यक्रम में भाग लेने की बुधवार को घोषणा की और कहा कि राष्ट्रपति तथा संसद जैसी संस्था को किसी ऐसे विवाद से अलग रखना चाहिए जिससे उनके गरिमा और सम्मान पर प्रभाव पड़ता हो। नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 28 मई 2023 को करेंगे।

कुछ दलों का कहना है कि इस भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराया जाना चाहिए। त्रिणमूल कांग्रेस, आप और कुछ अन्य दलों ने उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेने की घेषणा की है। बीजद के प्रवक्ता लेनिन मोहंती ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बीजद का मानना है कि इन सैवैधनिक संस्थाओं को ऐसे किसी विवाद से अलग रखा जाना चाहिए जिससे उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान प्रभावित होता हो। ऐसे मुद्दों पर बाद में कभी भी महान सदन में चर्चा हो सकती है। बयान में कहा गया है, इसलिए बीजद इस ऐतिहासिक अवसर पर इसमें भाग लेगा। बीजद ने बयान में कहा, "राष्ट्रपति भारत सरकार का मुखिया होता है। लोक सभा भारत के 1.4 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करती है।

# मणिपुर हिंसा: भीड़ ने मंत्री के घर में तोड़फोड़ की

**इम्फाल, एजेंसी।**

लोगों के एक समूह ने बुधवार को मणिपुर के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं भाजपा नेता कोंथोजाम गोविंददास के बिष्णुपुर जिले स्थित घर में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमलावरों का दावा था कि संघर्षग्रस्त राज्य में सरकार स्थानीय लोगों को दूसरे समुदाय के उग्रवादियों से बचाने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, भीड़ ने जब निंगथोखोंग क्षेत्र स्थित घर पर हमला किया तो मंत्री और उनके परिवार के सदस्य वहां मौजूद नहीं थे।

हमलावर भीड़ में ज्यादातर महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि इस हमले में मकान का एक गेट, खिड़कियां, कुछ फर्नीचर और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। यह पहली बार है जब राज्य में मैती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जारी जातीय हिंसा के दौरान किसी मंत्री के घर पर हमला किया गया है। राज्य में तीन सप्ताह पहले शुरू हुई हिंसा में 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

इस बीच, पूर्वी सैन्य कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता ने राज्य में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए मणिपुर का दौरा किया।

## आशीष देशमुख कांग्रेस से निष्कासित

**मुंबई एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अध्यक्षता वाली महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति ने बुधवार को पूर्व विधायक आशीष देशमुख को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। अनुशासन समिति ने पूर्व विधायक एवं प्रदेश महासचिव देशमुख पर पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए यह कार्रवाई की है। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री और अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष श्री चव्हाण द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि महाराष्ट्र कांग्रेस की अनुशासन समिति ने पांच मार्च को भेजे गए कारण बताओ नोटिस का जवाब नौ अप्रैल को प्राप्त हुआ और इस पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया।

# ममता, केजरीवाल पर बरसे शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सूबे की मुखिया ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'राजनीतिक साजिश रचने' के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना का इस्तेमाल 'अनैतिक' तरीके से करने का आरोप लगाया।

अधिकारी ने ट्वीट कर कहा "तृणमूल कांग्रेस की पार्टी नेता सुश्री ममता बनर्जी और आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खिलाफ कल एक राजनीति षडयंत्र के तहत राज्य मुख्यालय नबन्ना का इस्तेमाल अनैतिक तरीके से किया।



उन्होंने कहा,इस पूरे प्रकरण में चिंताजनक पहलू यह है कि पश्चिम बंगाल के राज्य सचिव डॉ.हरिकृष्ण द्विवेदी (आईएएस) भी ऐसी राजनीतिक बैठक में मौजूद रहे। नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक ने सवालिया लहजे में पूछा, आप इस बात का खंडन करें, इसका इंतजार आलोचक नहीं कर सकते। इसमें क्या बुराई दो तिहाई मुलाकातें राज्य सचिवालय में होती हैं तो मेरा आपसे विनम्र सवाल है कि मुलाकात का विषय क्या था।"

अधिकारी ने फिर से सवाल करते हुए पूछा, क्या दिल्ली सरकार और पश्चिम बंगाल के बीच किसी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए या फिर दिल्ली सरकार ने पश्चिम बंगाल की सरकार को उनकी आबकारी नीति बनाने में किसी तरह की मदद की पहल की है।

पश्चिम बंगाल का शिक्षा विभाग दिल्ली के शिक्षा विभाग को प्रशिक्षित करेगा ताकि बता सके कि अध्यापकों की भर्ती किस तरह से निष्पक्ष और ईमानदारी से कैसे संचालित किया जाए।

इससे पहले मंगलवार को सुश्री बनर्जी ने कहा, आज, मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राघव चड्ढा, संजय सिंह और आतिशी मार्लेना से नबन्ना में मुलाकात की। उनके साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करना और एक दूसरे के विचार जानना महत्वपूर्ण था।

# केरल पूरी तरह से ई-गर्वनेंस राज्य के रूप में उभरा

**तिरूवनंतपुरम, एजेंसी।**

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन प्रदेश के पूरी तरह से ई गर्वनेंस राज्य के रूप में उभरने की घोषणा गुरूवार को करेंगे। केरल का पूरी तरह से ई-गर्वनेंस राज्य के रूप में उभरना ज्ञान आधारित समाज और अर्थव्यवस्था के साथ शत प्रतिशत डिजिटल साक्षरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अनूठी उपलब्धि, जो केरल के पहले पूर्ण साक्षर भारतीय राज्य बनने और पूरी तरह से ई-साक्षर समाज बनने के लिए अपनी खोज शुरू करने के दशकों बाद आई है, समाज को डिजिटल रूप में बदलने की सरकार की दूरदर्शी नीतिगत पहलों के कारण यह संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री शाम साढ़े चार बजे राज्य की राजधानी के निशागांधी





सभागार में एक समारोह में यह ऐतिहासिक घोषणा करेंगे। लोगों को पारदर्शी और समावेशी बनाकर सरकारी सेवाओं के वितरण को डिजिटल बनाने के अलावा, कुल ई-गवर्नेंस समाज के सभी वर्गों को शामिल करना भी सुनिश्चित करेगा, जिसमें कम विशेषाधिकार प्राप्त और हाशिए पर शामिल हैं। यह उपलब्धि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और प्लेटफार्मों का लाभ उठाकर सरकारी सेवाओं की पूरी श्रृंखला की ऑनलाइन डिलीवरी को सक्षम बनाती है।

सरकार ने ई-सेवनम नामक एकल खिड़की सेवा वितरण तंत्र का निर्माण किया है जो 800 से अधिक सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन प्रदान करने का एक माध्यम है। सभी को सेवाओं की पारदर्शी और त्वरित डिलीवरी के लिए मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप, राज्य आईटी मिशन ने ई-ऑफिस फाइल फ्लो सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन का एक सेट भी बनाया है। जो इसे ग्राम कार्यालय स्तर तक ले जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, भू-राजस्व, संपत्तियों के दस्तावेज़ीकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और सामाजिक सुरक्षा भुगतान सहित सभी प्रमुख डोमेन को कवर करते हुए सभी महत्वपूर्ण सेवाओं का वितरण पहले ही डिजिटाइज़ किया जा चुका है। डिजिटलीकरण पहल के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी केरल आईटी मिशन ने समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सभी सेवाओं को आसानी से सुलभ बना दिया है।

## मोदी के प्रति नफरत के बुखार से पीड़ित है विपक्ष : फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए विपक्ष की नफरत की तुलना बुखार से की। वह 28 मई को मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की कांग्रेस और 19 अन्य पार्टियों की घोषणा पर टिप्पणी कर रहे थे। विपक्षी दल मांग कर रहे हैं कि संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें न कि मोदी। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऐसे आयोजनों को पक्षपातपूर्ण नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए।

## भाजपा ने देश की पहचान को मिटाने का काम किया है : पटोले

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की पिछले नौ साल से देश की असली पहचान को मिटाने के लिए आलोचना की। पटोले ने मुंबई में पार्टी मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की बैठक में यह बात कही।


आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे | G20

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या :- 14-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक: 23.05.2023

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./वि. प., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल पर मौजूदा टीएसएस और स्विचिंग पोस्ट में अर्थिंग व्यवस्था का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 11815578.50/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 209100/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन शुरू होने की तिथि | 05.06.2023 (00:00 बजे) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 19.06.2023 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

1569/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दौरा: श्रीनगर के ऐतिहासिक पोलो व्यू बाजार की खूबसूरती का उठाया लुत्फ

# जी-20 देशों के प्रतिनिधियों ने गोल्फ का लिया आनंद

**कुमार सतीश**

**श्रीनगर\जम्मू,मेट्रो मीडिया।** तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने बुधवार को गोल्फ के एक सत्र का आनंद लिया और डल झील के किनारे प्रसिद्ध मुगल तथा निशात उद्यानों का दौरा किया।

बुधवार सुबह प्रतिनिधियों ने एक लग्जरी होटल के लॉन में आयोजित योग सत्र में हिस्सा लिया, जहां वे ठहरे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिनिधियों और भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स (आरएसजीसी) में गोल्फ खेला।

इसके बाद डल झील के तट पर प्रसिद्ध मुगल और निशात उद्यानों का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधि पर्यटकों





के साथ तस्वीरें क्लिक करते देखे गए। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में बैठक के प्रतिनिधियों के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी की। हल्की बारिश के बीच बाहरी देशों के प्रतिनिधियों ने श्रीनगर के ऐतिहासिक पोलो व्यू बाजार की खूबसूरती का लुत्फ उठाया।

तीसरी जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के लिए कश्मीर आए जी20 प्रतिनिधियों ने इसे एक अनूठा अनुभव बताया और दुनिया भर के पर्यटकों से कश्मीर घूमने की अपील की। जी20 प्रतिनिधियों के समूह को बाजार में घूमते, विभिन्न दुकानों में प्रवेश करते और स्थानीय निवासियों से बात करते देखा गया। एक कोरियाई प्रतिनिधि ने कहा कि यहां इस बाजार में होना एक अनूठा अनुभव है। बेशक, इस शिखर सम्मेलन से कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और हम कोरियाई लोग भारत की जी20 अध्यक्षता का पुरजोर समर्थन करते हैं।

नाइजीरियाई प्रतिनिधि ने कहा कि उनका मानना है कि पर्यटन कश्मीर के लिए अधिक नकदी लाएगा और अगर वह कभी भारत वापस आती हैं तो ताजमहल देखने की इच्छा रखती हैं।

ब्राजील के प्रतिनिधि गुस्तावो ने कहा कि मैं कश्मीर से प्यार करता हूं, यह एक खूबसूरत जगह, एक अच्छा अनुभव और मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कश्मीरी आतिथ्य पसंद है तो उन्होंने कहा कि यहां के लोग बहुत अच्छे और स्वागत करने वाले हैं।

सिमोन वोंग सिंगापुर के राजदूत जो बाजार का दौरा करने वाले प्रतिनिधियों में शामिल थे ने कहा कि यह बहुत-बहुत सुंदर अनुभव है और हमें इस जगह से प्यार है। भले ही थोड़ी बहुत बारिश हो रही हो लेकिन हम वास्तव में धरती के इस स्वर्ग से प्यार करते हैं। वोंग ने कहा कि कल हमने बहुत खरीदारी की थी आज हम फिर से ऐसा करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया भर के पर्यटकों को कश्मीर की यात्रा करनी चाहिए।


**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2023 (₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 31-03-2023 | As on 31-12-2022 | As on 31-03-2022 | As on 31-03-2023 | As on 31-03-2022 |
| 1 | Total income from Operations | 1.28 | 1.25 | 1.25 | 6.52 | 5.44 |
| 2 | Net Profit /(Loss) for the period (before Tax & Exceptional items) | 0.41 | 0.06 | 0.27 | 2.74 | 1.52 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.41 | 0.06 | 0.27 | 2.74 | 1.52 |
| 4 | Net Profit /(Loss) for the period (after Tax after Exceptional items) | 0.30 | 0.05 | 0.20 | 2.03 | 1.12 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (23.75) | (67.97) | 145.64 | 8.33 | 276.68 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | |
| | 1. Basic | (9.54) | (27.30) | 58.49 | 3.35 | 111.12 |
| | 2. Diluted | (9.54) | (27.30) | 58.49 | 3.35 | 111.12 |

NOTES :
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly/yearly financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly/yearly financial results is available on the stock exchange websites.(URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
2 The above financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on May 24, 2023. The Statutory auditor has expressed an unmodified audit opinion on these financial statements.
3 There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4 Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 24th May, 2023